जिन (चेतन रूप) से यह (देहेन्द्रियादिक) चेतन हो जाता है, पुरुष (शरीरोंमें कारणरूपसे प्रविष्ट) आदि, (प्रकृति) और बीज (पुरुष) रूप, परेश (स्तवन्त्र), भगवानको हम मनसे नमस्कार करते हैं ॥ २ ॥

यस्मिन्निद यतश्चेदं येनेदं य इदं स्वयम् ।
योऽस्मात्परस्माच्च परस्तं प्रपद्ये स्वयम्भुवम् ॥३॥

जिन (अधिष्ठान) में यह (संसार) रहता है, जिन (उपादान-कारण) से यह (संसार) होता है, जिन (कर्त्ता या साधन) से यह (संसार) बनाया जाता है, जो आप (संसार) हो जाते हैं और जो इस (स्थूल कार्य) से और उस परले (सूक्ष्म कारण) से परे या श्रेष्ठ हैं, उन स्वयम्भू (स्वतः सिद्ध) भगवानकी मैं शरण जाता हूँ ॥ ३ ॥

यः स्वात्मनीदं निजमाययाऽर्पितं
क्वचिद्विभातं क्व च तत्तिरोहितम् ।
अविद्धदृक्साक्ष्युभयं तदीक्षते
स आत्ममूलोऽवतु मां परात्परः ॥ ४ ॥

जो अपनेमें ही अपनी मायासे बनाये हुए, कभी (सृष्टिके समय, स्थूल कार्यरूपसे) प्रकट और कभी (प्रलयके समय सूक्ष्म-कारणरूपको) लीन, उन कार्य-कारणरूप दोनोंको अलुप्त दृष्टि साक्षी होकर देखते हैं, वे आत्ममूल (स्वयंप्रकाश) पर औरोंको प्रकाशित करनेवाले (चक्षु आदि) के भी पर (प्रकाशक) भगवान् मेरी रक्षा करें ॥ ४ ॥

कालेन पञ्चमितेषु कृत्स्नशो
लोकेषु पालेषु च सर्वहेतुषु।
तमस्तदासीद् गहनं गभीरं
यस्तस्य पारेऽभिविराजते विभुः ॥ ५ ॥

ग०

वि०

६०

(दूसरे परार्धके अन्तरूप) काल पर सब (चौदह) लोकों और उनके पालकों (ब्रह्मादि शरीरों)के पाँच महाभूतोंमें मिल जाने और (महतत्त्वादि) सब हेतुओंके (प्रकृतिमें लीन हो जाने) पर उस समय गहरा और अनन्त (प्रकृति नामक) तम रह गया था, उसके भी जो परे अर्थात् उससे अनभिभूत होते हुए उसके भी आश्रय हैं, वे विभु (व्यापक) भगवान् सब ओर विराजते हैं ॥ ५ ॥

न यस्य देवा ऋषयः पदं विदु-
र्जन्तुः पुनः कोऽर्हति गन्तुमीरितुम् ।
यथा नटस्याकृतिभिर्विचेष्टतो
दुरत्ययानुक्रमणः स माऽवतु ॥ ६ ॥

(सत्वप्रधान) देवता और ऋषि भी जिनके स्वरूपको यथावत् नहीं जानते, उनको और कौन (रजस्तमःप्रधान, तत्त्वसे अनजान, अर्वाचीन) प्राणी जान सकता या वर्णन कर सकता है ? जैसे भांति भांतिके स्वांग लानेवाले नटके तत्त्वको लोग नहीं जान सकते। इस प्रकार जिनका चरित्र या वर्णन हमारी पहुंचके बाहर है, वे भगवान् मेरी रक्षा करें

दिदृक्षवो यस्य पदं सुमङ्गलं
विमुक्तसङ्गा मुनयः सुसाधवः ।
चरन्त्यलोकव्रतमव्रणं वने
भूतात्मभूताः सुहृदः स मे गतिः ॥७॥

गा०

जिनके मंगलमय स्वरूपको देखनेकी इच्छावाले, (स्त्री-पुत्रादि और शब्दादि विषयोंसें) आसक्ति-रहित, प्राणियोंको अपने समान देखनेवाले, अच्छे हृदयवाले, अकारण दयालु, बनके (रहनेवाले) मुनिलोग अव्रण (अछिद्र अर्थात् अविच्छिन्न अथवा निर्दोष) अलोकव्रत (ब्रह्मचर्यादि, जिनका फल किसी लोककी प्राप्ति नहीं है, अर्थात् मोक्ष है) करते हैं, वे भगवान् मुझे मिलें ॥ ७ ॥

न विद्यते यस्य च जन्म कर्म वा
न मामरूपे गुणदोष ए (मे) व वा ।

तथापि लोकाप्ययसम्भवाय यः
स्वमायया तान्यनुकालमृच्छति ॥ ८ ॥

(हम लोगोंकी भांति) जिनके (प्रारब्ध कर्मके अधीन) जन्म, कर्म, नाम, रूप, गुण और दोष नहीं है, तो भी जो लोगोंकी उत्पत्ति और प्रलयके लिये अपनी मायासे उन जन्मादिको समय-समय पर स्वीकार करते हैं, ऐसे—

तस्मै नमः परेशाय ब्रह्मणेऽनन्तशक्तये ।
अरूपायोरुरूपाय नम आश्चर्यकर्मणे ॥९॥

—ब्रह्म (परिपूर्ण) अनन्त शक्तिवाले, रूप रहित, बहुरूप (संसार-सृष्टि आदि) अद्भुत कर्म करनेवाले परमेश्वरको नमस्कार है ॥ ९ ॥

नम आत्मप्रदीपाय साक्षिण परमात्मने ।
नमो गिरां विदूराय मनसश्चेतसामपि ॥१०॥

अपने आपसे प्रकाशित होनेवाले, साक्षी (प्रकाश रूप)परमात्मा (जीवोंको नियमन करनेवाले) और वाणी, मन और चित्तकी वृत्तियोंकी पहुँचके बाहर भगवान्‌को नमस्कार है ॥ १० ॥

सत्त्वेन प्रतिलभ्याय नैष्कर्म्येण विपश्चिता ।
नमः कैवल्यनाथाय निर्वाणसुखसंविदे ॥११॥

विवेकी पुरुषसे सत्व गुण और निवृत्ति धर्म द्वारा प्राप्त होने योग्य मोक्षके स्वामी अर्थात् देनेवाले मोक्ष सुखके अनुभवरूप-॥ ११

नमः शान्ताय घोराय मूढाय गुणधर्मिणे ।
निर्विशेषाय सौम्याय नमो ज्ञानघनाय च ॥१२॥

—शान्त (सत्व प्रधान), घोर (रजःप्रधान), मूढ़ (तमः प्रधान) सत्वादि गुणधर्मोंका अनुकरग करने वाले तथापि विशेष रहित और इसलिये विषमतारहित ज्ञानधन (चिद्रूप) भगवान्को नमस्कार है ॥ १२ ॥

क्षेत्रज्ञाय नमस्तुभ्यं सर्वाध्यक्षाय साक्षिणे ।

पुरुषात्ममूलाय मूलप्रकृतये नमः ॥१३॥

क्षेत्र (शरीरेन्द्रियादि सङ्घात) को जाननेवाले, सबके स्वामी साक्षी, पुरुष (सबके) अन्तर्यामी आत्मा (क्षेत्रज्ञ) के मूल और सबके

यहां तक कि प्रकृतिके मूलकारण अथवा मूल प्रकृतिरूप भगवानको नमस्कार है ॥ १३ ॥

सर्वेन्द्रियगुणद्रष्ट्रे सर्वप्रत्ययहेतवे
असताच्छाययो(या)क्ताय सदाभासायते नमः ॥१४॥

सब इन्द्रियों और उनके विषयोंके देखनेवाले, सब (प्रमाण, संशय, विपर्य आदि) प्रत्ययों प्रतीतियों या ज्ञान)के कारण असत, (जड़ देहेन्द्रियादि सङ्घात) और छाया (अविद्या) इनसे (प्रति-

बिम्बसे) बिम्बकी भांति सूचित, ('अक्ताय') इस पाठान्तरमें, छाया अर्थात् अध्यायसे युक्त, अर्थात् अध्यायसे अधिष्ठान) सदाभास (कार्यदेहेन्द्रियादिमें जिनका आभास है, अथवा विषयोंमें जिनका सद्रूप आभास है, ऐसे भगवान्को नमस्कार है ॥ १४ ॥

नमो नमस्तेऽखिलकारणाय
निष्कारणायाद्भुतकारणाय
सर्वागमाऽऽम्नायमहार्णवाय
नमोऽपवर्गाय परायणाय ॥१५॥

गo

सबके कारण, आप अकारण (कारण होकर भी विकार-रहित होनेसे, मृदादि लौकिक कारणोंसे), अनोखेकारण (पंचरात्रादि) आगम और आम्नाय (वेदों) के (नद्यादि स्रोतोंको) महासमुद्रकी भांति (पर्यवसान भूमिरूप), मोक्षरूप और परायण, (उत्तम पुरुषोंके आश्रय) भगवान्को नमस्कार ॥ १५ ॥

वि०
१००

गुणारणिच्छन्नचिदूष्मपाय
तत्क्षोभविस्फूर्जितमानसाय
नैष्कर्म्यभावेन विवर्जितागम
स्वयंप्रकाशाय नमस्करोमि ॥१६॥

सत्वादि गुणोंरूप अरणीसे ढकी हुई (चिज्जीवसमष्टिरूप) अग्निको (संहारकालमें) पीने, अर्थात् अपनेमें समेटकर रखनेवाले, अथवा गुणरूप अरणीसे चिदूष्मप (ज्ञानाग्नि) को ढकेलनेवाले, उन वाले, उन (गुणों) के क्षोभ (कार्य) के समय विस्फूर्जित (बहिर्वृत्तिक) मनवाले, नैष्कर्म्य (आत्मतत्त्व) की भावनासे जो विधि-निषेध-क्षण) आगमोंसे निवृत्त हो चुके हैं, (उन ज्ञानियों) में आप ही जिनका प्रकार है, इन भगवान्को मैं नमस्कार करता हूं ॥ १६ ॥

माद्दक्प्रपन्नपशुपाशविमोणाय
मुक्ताय मूरिकरुणाय जमोऽलयाय ।

स्वांशेन सर्वतनुभृन्मनसि प्रतीत-
प्रत्यग्दृशे भगवते वृहते नमस्ते ॥१७॥

मेरे जैसे शरणात पशु और पशुकी भांति अविद्यासे बंधे हुए की पाश (अविद्या) को छुड़ानेवाले, मुक्त, बड़े दयालु, अलय (नाश और उपलक्षणसे जन्मसे रहित), अपने अंश (अन्तर्यामिरूप) से सब प्राणियोंके मनमें प्रतीत जो आत्म-दृष्टि उस रूप वृहत् (अपरिच्छिन्न) आप भगवान्को नमस्कार है ॥ १७ ॥

आत्मात्मजाप्तगृहवित्तजनेषु सक्तै-
र्दुष्पापणाय तुणसंगविवर्जिताय ।

मुक्तात्मभिः स्वहृदये परिभाविताय
ज्ञानात्मने भगवते नमः ईश्वराय ॥१८॥

देह पुत्र, प्रामाणिक या बड़े लोग, घर, धन और मनुष्योंमें आसक्तपुरुषोंसे कठिनता प्राप्त होने योग्य, गुणोंमें आसक्तिसे रहित मुक्तात्मा (देहादिमें अनाशक्त) लोगोंसे अपने हृदयमें निरन्तर चिन्तित ज्ञानरूप भगवान् ईश्वरको नमस्कार ॥ १८ ॥

यं धर्मकामार्थविमुक्तनामा
भजन्त इष्टां गतिमाप्नुवन्ति ।

किं त्वाशिषो रात्यपि देहमव्ययं
करोतु मेऽदभ्रदयो विमोक्षणम् ॥१६॥

धर्म, अर्थ, काम, मोक्षको चाहनेवाले जिनको भजनेसे अपने मनोरथको नहीं पाते; किन्तु जो उनको (बिना चाहे हुए) भोग और अनश्वर देह भी देते हैं, अपार करुणा वाले भगवान् मेरा संसार और मगरसे छुटकारा मात्र कर दें, अधिक मैं नहीं चाहता ॥ १६ ॥

एकान्तिनो यस्य न कञ्चनार्थं
वाञ्छन्ति ये वै भगवत्प्रपन्नाः ।

अत्यद्भुतं तच्चरितं सुमङ्गलं
गायन्त आनन्दसमुद्रमग्नाः ॥२०॥

जो भगवान्‌की शरणमें आ चुके हैं (अथवा सर्वज्ञ मुक्त पुरुषोंकी सेवा कर चुके हैं) और उनके एकान्त (अनन्य) भक्त हैं, वे धर्म अर्थ, काम, मोक्षमें से किसी अर्थको नहीं चाहते हैं, किन्तु अत्यन्त अलौकिक सुमङ्गल रूप उन्हींके चरित्रको गाते हुए आनन्दके समुद्रमें डूब जाते हैं ॥२०॥

तमक्षरं ब्रह्म परं परेश-
मव्यक्तमाध्यात्मिकयोगगम्यम् ।

अतिन्द्रियं सूक्ष्ममिवानिदूर-
मनन्तमाद्यं परिपूर्णमीडे ॥२१॥

अक्षर (क्षयरहित) ब्रह्म (भीतर-बाहर व्यापक), पर सर्वोत्तम, परेश, (ब्रह्म आदिके नियन्ता), अव्यक्त (छिपे हुए तो भी) आध्यात्मिक (भक्ति), योगसे प्राप्त होने योग्य, बहुत दूरकी वस्तुकी भाँति इन्द्रियोंकी पहुंचके बाहर और सूक्ष्म, अन्त (नाश) रहित, आद्य (सबके कारण) परिपूर्ण भगवान्‌की स्तुति करता हूं ॥ २१ ॥

गा०

यस्य ब्रह्मादयो देवा वेदा लोकाश्चराचराः ।
नामरूपविभेदेन फल्गव्या च कलया कृताः ॥२२॥

वि० १०७

ब्रह्मादि देवता, वेद और स्थावर-जङ्गम लोक नाम रूपके भेदसे जिनके छोटे-से अंशसे ही बन गये हैं—

यथाऽर्चिषोऽग्नेः सवितुर्गभस्तयो
निर्यान्ति संयान्त्यसकृत् स्वरोचिषः
तथा यतोऽयं गुणसम्प्रवाहो
बुद्धिर्मनः खानि शरीरसर्गाः ॥२३॥

—जैसे स्वप्रकाश अग्निसे ही चिनगारियाँ और सूर्यसे किरणें बारम्बार निकलती और मिट जाती हैं, वैसे बुद्धि, मन, इन्द्रियाँ, देवादि शरीरसङ्घात-यह गुणपरिणाम प्रपंच जिन भगवान्से निकलता है और जिन्हींमें लीन हो जाता है।

स वै न देवासुरमर्त्यतिर्यङ्
स स्त्री न षण्डो न पुमान्न जन्तुः।
नायं गुनः कर्म न सन्न चासः
न्निषेधसेषो जयतादशेषः ॥२४॥

वे (सबके मूलकारण भगवान्) न देवता, न दैत्य, न मर्त्य (मनुष्य); न तिर्यक् (पशुपक्ष्यादि), न स्त्री, नपुंसक न पुरुष जन्तु (स्त्रीपुन्नपुंसक लक्षणरहित (न गुण, न कर्म, न सत्, न असत् हैं, किन्तु निषेधशेष (सब देवादि प्रपंचके निषेधकी अवधि-रूपसे शेष रह जाते) हैं और (माया) अशेष (सर्वरूप) हैं—ऐसे भगवान् मुझे छुड़ानेके लिये प्रकट हों ॥ २४ ॥

जीजीविषे नाहमिहामुया कि-
मन्तर्बहिश्चावृतयेभयोन्या ।

इच्छामि कालेन न यस्य विप्लव—
स्तस्यात्मलोकावरणस्य मोक्षम् ॥२५॥

मैं मगरसे छुटकर जीना नहीं चाहता। इस संसारमें भीतर बाहर (अविवेकसे) लिपटी हाथीकी योनीसे क्या प्रयोजन है ? किन्तु आत्मरूप प्रकाशको ढकनेवाले जिस लिङ्गशरीर या अज्ञानका ज्ञान बिना काल पाकर भी नाश नहीं होता, उस लिङ्गशरीर या अज्ञानकी निवृत्ति चाहता हूं ॥ २५ ॥

सोऽहं विश्वसृजं विश्वमविश्वं विश्ववेदसम् ।
विश्वात्मानमजं ब्रह्म प्रणतोऽस्मि परंपदम् ॥२६॥

वह मैं (मुमुक्षु) संसारके रचनेवाले संसाररूप, संसारसे भिन्न, संसार जिनका वेदस् (धन अर्थात् क्रीड़ा सामग्री) है। संसारके अन्तर्यामी, अज (जन्मादि विकार रहित) ब्रह्म (सर्वव्यापक); (सर्वोत्तम); पद (प्राप्तव्य वस्तु) भगवान्‌के आगे (केवल) प्रणत हूं (जानता तो उनको नहीं हूं) ॥ २६ ॥

योगरन्धितकर्माणो हृदि योगविभाविते ।
योगिनो यं प्रपश्यन्ति योगेशं तं नतोस्म्यहम् ॥२७॥

योग (भगवद्धर्म) से जिनके कर्म जल चुके हैं; ऐसे योगी योग

से शुद्ध हृदयमें जिनका साक्षात्कार करते हैं, उन योगसे (योगफल-

दाता) के आगे मैं नत हूं ।। २७ ।।

नमो नमोस्तुभ्यम सह्यवेग-
शक्तित्रयायाखिलधीगुणाय ।
प्रपन्नपालाय दुरन्तशक्तये
कदिन्द्रियाणामनवाप्यवर्त्मने ।। २८ ।।

जिनका (रागादि लक्षण) वेग रुक नहीं सकता, ऐसी सत्त्वादि तीन जिनकी शक्तियां हैं, ऐसे भगवान्‌को नमस्कार है । बुद्धिके सब

(संशय-विपर्ययादि) गुण (वृत्तियां) जिनसे उत्पन्न होते हैं उन भगवान्‌को नमस्कार है। शरणागतोंकी रक्षा करनेवाले, जिनकी शक्तियां दुरन्त हैं और खोटी (विषयाभिमुख) इन्द्रियवालोंको जिनका मार्ग भी नहीं मिल सकता, ऐसे आपको मेरा नमस्कार हो ॥ २८ ॥

नायं वेद स्वमात्मानंयच्छक्त्याहंधिया हतम्
तं दुरत्ययमाहाम्त्यं भगवन्तमितोस्म्यहम् ॥२६॥

जिनकी (अविद्या नामक) शक्तिसे (देहेन्द्रियादिमें) अहबुद्धिसे हत (आवृत्ति) अपने आत्माको यह जन (मैं) नहीं जानता है (हूं)

और जिनके माहात्म्य (प्रभाव) का कोई अतिक्रम नहीं कर सकता, ऐसे भगवान्‌की मैं शरण आया हूं ॥ २६ ॥

श्री सुकदेवजी कहने लगे—

एवं गजेन्द्रमुपवर्णितनिर्विशेषं
ब्रह्मादयो विविधलिङ्गभिदाभिऽमानाः
नैतेयदोपससृपुर्निखिलात्मकत्वात्
तत्राखिलामरमयो हरिराविरासीत् ॥३०॥

इस प्रकार जब गजेन्द्रने भगवान्के निर्विशेष स्वरूपकी स्तुति की जिसमें ब्रह्मादिके-से चतुर्मुखत्वादि किन्हीं विशेष चिन्होंका वर्णन नहीं था, तो ब्रह्मादि देवता इस अभिमानसे उसकी सहायताको न आये कि हमारी स्तुति तो इसने की ही नहीं है, प्रत्युत इसने तो 'यस्य ब्रह्मादयो......' आदि (श्लोक २२) कहकर हमको तुच्छ बतलाया है। भगवान् तो सर्वात्मक होने से सब देवता-स्वरूप ठहरे, इसलिये (हरिमेधाः और हरिणीके पुत्र) हरि नामक रूपसे गजेन्द्रको छुड़ानेके लिए प्रकट हुए ॥ ३० ॥

तं ददृदार्तमुपलभ्य जगन्निवास
स्तोत्रं निशम्यदिविजै सह संस्तुवद्भिः ।
छन्दोमयेन गरुडेन समुहयगान-
श्चक्रायुधोऽभ्यगमदाशु युतो गजेन्द्रः ॥३१॥

गजेन्द्र को उस प्रकार मगरसे सताया हुआ जान, उसकी की हुई स्तुतिको सुन, (मगरके मुँहको फाड़नेके लिये) चक्र ले स्तुति करते देवताओंके साथ छन्दोमय (वेदरूप इच्छा समान वेग वाले) गरुड़पर चढ़, जगत्के आश्रय भगवान् तुरन्त वहाँ आये, जहाँ गजेन्द्र था ॥ ३१ ॥

गं०

सोऽन्तः सरस्युरुबलेन गृहीत आर्त्तो
दृष्ट्वा गरुत्मति हरिं ख उपात्तचक्रम् ।
उत्क्षिप्य साम्बुजकरं गिरमाह कृच्छ्रा-
न्नारायणाखिलगुरो भवन्नमस्ते ॥३२॥

वि०

सरोवरके भीतर बड़े बलवान मगरसे पकड़े हुए और पीड़ित गजेन्द्रने, आकाशमें गरुड़पर चढ़ चक्र उठाये हरि भगवान्‌को देख, (भेंट करनेको) सूंड़से वहांके कमल ले, सूंड़को उछालकर बड़े कष्टसे कहा कि 'हे नारायण ! सबके गुरु !! हे भगवान् !!! आपको नमस्कार है ॥ ३२ ॥'

तं वीक्ष्य पीड़ितमजः सहसाऽवतीर्य
सग्राहमाशु सरसः कृपयोज्जहार ।
ग्राहाद्विपाटितमुखादरिणा गजेन्द्रं
सम्पश्यतां हरिरमूमुचदुच्छ्रियाणाम् ॥३३॥

भगवान् हरिने उस गजेन्द्रको पीड़ित देख, गरुड़ भी मन्दगामी है—इस विचारसे उससे भी तुरन्त उतरकर देवताओंके देखते-देखते बायें हाथसे सूंड़ पकड़कर गजेन्द्रको ग्राह सहित सरोवरसे निकाल लिया और दाहिने हाथके चक्रसे ग्राहका मुँह फाड़कर गजेन्द्रको छुड़ाया ।

स्तुतिका फल

इस स्तुतिका पाठ करनेवालेको स्वर्ग और यश मिले, कलियुग के पाप मिटें, खोटे सपने आदि न आवें, प्रातःकाल उठकर पाठ करने वालेकी मृत्युके समय निर्मल बुद्धि हो जावे।

॥ श्रीः ॥

मनोकामना

* दोहा *

मणि मुक्ता चाहों नहीं, नहीं राज सन्मान।
मैं चाहूँ सच्चरितयुत, जीवन शुद्ध महान ॥ १ ॥

म०

कायर बनूँ अधर्म ढिग, अरु सुधर्म ढिग वीर।
सम्पत्ति में विनयी बनूँ, विपतिं समय में धीर ॥ २ ॥
बालक सम मेरी रहे, निर्मल मति गति नित्य।
छल प्रपंच तज सत्ययुत, करौं सदा शुभ कृत्य ॥ ३ ॥
इन्द्रियगण अरु मन रहे, नित मेरे वश माहिं।
काम क्रोध मद लोभ के, होउँ कबहूँ वश नाहिं ॥ ४ ॥
ऐसी देहु उदारता, करि करुणा प्रभु मोहि।
सबको देखूँ एक सम, कबहुं न भूलूँ तोहि ॥ ५ ॥

उपदेश

* दोहा *

सभी रसायन हम करी, नहीं नाम सम कोय ।
रंचक घटमें संचरे, सब तन कञ्चन होय ॥
जब ही नाम हृदय धरयो, भयो पापका नाश ।
मानो चिनगी अग्निकी, परी पुराने घास ॥

उ०

लेनेको हरि नाम हैं, देनेको अन्न दान।
तरनेको आधीनता, डुबनको अभिमान॥

दे०

१२३

सुखके माथे सिल पड़ो, जो नाम हृदयसे जाय।
बलिहारी वा दुःखकी, जो पल पल न जपाय॥

राम नाम जाना नहीं, पाला सकल कुटुम्ब।
धन्धे ही में पचि मरा, वार भई नहिं बुम्ब॥
कबिरा हरिके नाममें, बात चलावे और।
तिस अपराधी जीवको, तीन लोक कीत ठौर॥

उ०

राम नामको सुमिरते, उधरे पतित अनेक।
कह कबीर नहिं छाड़िये, राम नामकी टेक॥

दे०

१२४

राम नामको सुमिरते, अधम तरैं संसार।
अजामिल, गनिका सुपच, सदना सबरी नार॥

बाहर क्या दिखराइये, अन्तर जपिये राम।
कहा काज संसारसे, तुझे धनीसे काम॥

रग रग बोले रामजी, रोम रोम रङ्कार।
सहजे ही धुनि होत है, सो ही सुमरन सार॥

राम नामको सुमर ले, हँसि कै भावैं खीज ।
उलटा सुलटा ऊपजै, ज्यों खेतनमें बीज ॥

दे०
१२५

कबिरा मुख सो ही भलो, जा मुख निकसै राम ।
जो मुख रामनाम न निकसै, सो मुख है किस काम ॥

कथा कीरतन कलि विषे, भवसागरकी नाव ।
कह कबीर या जगतमें, नाहीं और उपाव ॥
देह धरेका फल यही, भज मन कृष्णमुरार ।
मनुष जनमकी मौज यह, मिले न बारम्बार ॥

उ०

पर निन्दा पर द्रोहमें, दिया जनम सब खोय।
कृष्ण नाम सुमरा नहीं, तिरना किस विध होय॥

दे०

धन यौवन यों जायँगे, जा विधि उड़त कपूर।
नारायण गोपाल भज, क्यों चाटै जगधूर॥

१२६

नारायण सतसङ्ग कर, सीख भजनकी रीत।
काम, क्रोध, मद, लोभमें, गई आवल बीत॥
धन विद्यागुण आयु बल, यह न बड़प्पन देत।
नारायण सोई बड़ा, जाका हरिसों हेत॥

उ०

विद्या वित्त स्वरूप गुण, सुत दारा सुख भोग ।
नारायण हरि भक्त बिन, यह सब ही है रोग ॥

दे०

१२७

दो बातनको भूल मत, जो चाहत कल्याण ।
नारायण इक मौतको, दूजे श्री भगवान ॥

नारायण हरि लगनमें, यह पाँचो न सुहात ।
विषय भोग निद्रा हँसी, जगत प्रीत बहु बात ॥

सेवाको दोनों भले, एक सन्त इक राम ।
राम जु दाता मुक्तिके, सन्त जपावैं नाम ॥

९०

ग्रन्थ पन्थ सब जगतके, बात बतावत तीन।
राम हृदय मनमें दया, तन सेवामें लीन॥

दे० १२८

तन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र किये दान।
मन पवित्र हरि भजनमें, होत त्रिविध कल्याण॥

राम नाम जपते रहो, जब लगि घटमें प्राण।
कबहुं तो दीनदयालुके, भनक परैगी कान॥

एक भरोसा एक बल, एक आस विश्वास।
स्वाति सलिल हरिनाम है, चातक तुलसीदास॥

श्री शरणागत अष्टक

तात की बात को मानि के राज को,
वीथी के ठीकरे ज्यों ठुकरायो।
पुत्र वियोग सों देखे दुखी गुरु,
कालके गाल सों काढ़ि के लायो॥

हाथी की एकहि हाँक सुनी उठि,
धावन की नाईं पावन धायो।
आवन पायो न दूसरी हाँक मैं,
याहि सुनि शरणागत आयो ॥ १ ॥

काटे कठोरता सों दशकण्ठ के,
कण्ठ कठोर जो चाप चढ़ायो।
ताहि के भाई के भाल में राज को,
टीको सिरा निज कण्ठ लगायो ॥

गर्भ में अर्भक भूप परीच्छित,
पै जब द्रोणि ने बाण चलायो।
राखि लियो निज चक्र की छाँहिं में,
याहि सुनि शरणागत आयो ॥ २ ॥

देखि सुदामा कूं द्वार खरयो दुखि,
भागि के भेटि के भाव जनायो।
आँखिन में जल रोध भयो गल,
मीति को नेह न चित्त समायो ॥

श०

भिल्लीके हाथ के चाखिके बेर दो,
मात के हाथ को भोग भुलाये।
मा कि गति दई डाइन को मैं तो॥
याहि सुनी शरणागत आयो॥ ३॥

पाहन की भई गौत्तम नारिकूं,
पांयन धूरिसों चेत करायो।
बालक के तपसों अति रीझिके,
धाम अडौरु दियो मन भायो॥

अ०
१३२

आपुनो नाम अजामिल के मुख,
सों सुनि पाछिलो दोष भुलायो।
कण्ठ सों कालको फांस कढ़ायो मैं,
याहि सुनि शरणागत आयो ॥ ४ ॥

भील सों भाई की नाईं मिले,
निज डील सों डील मिलाय सिरायो।
रूपकी रूरीको आयुकी पूरी को,
जाति की कूरीको मान बढ़ायो।

शा० | अ० १३४

मेवा मिठाई सों नाक चढाइ के,
दासी के हाथ को साग सरायो।
भावके भूखे हो भात के नाहिं मैं,
याहि सुनी शरणागत आयो ॥ ५ ॥

लाखके भौनमें राख भये हुते,
राखिके पांडु को वंश बचायो।
बालक खातिर पाहन फोरिके
हे हरि! केहरि रूप बनायो।

मारि विनोद विनोद में राक्षस,
मोद सूं भक्त कूं गोद खिलायो ।
आरत को एक तूहि उबारत,
याहि सुनि शरणागत आयो ॥ ६ ॥

देखि जटायु कूं धूरि पर्‍यो मग,
अंक भर्‍यो अंसुबानि नुहायो ।
प्राण गये लखि रोये घने पुनि,
अन्तमें तात सो नातो निभायो ॥

भीर पड़ी जब द्रौपदि पै तब
चीर समुद्र को तीर न पायो।
भीर परे पर साथी तुही मैं तो,
याहि सुनी शरणागत आयो ॥ ७ ॥

मीरा के साथ रहे दिन रात,
दल्यो उत्पात जो भूप पठायो।
भात भर्‌यो नरसीको निरालो तू,
सांवल साह के बोल बिकायो।

श०

छीपा की छान छवाई छिपै दिन,
छेम सों छोह की छांह बिठायो।
नेह को नाता निभाय सदा तू मैं,
याहि सुनि शरणागत आयो ॥ ८ ॥

अ०

दोहा

मैं तो सब विधि दीन हूँ, भक्ति-भाव से हीन।
काम क्रोधमें लीन हूँ, लम्पट विषयाधीन ॥

तुम्हें रिझावन की प्रभु, मोपै एक न रीत।
तुम रीझो निज रीति सों, याहि एक परतीत॥
बँध्यो मोह की श्रृङ्खला, तुमको रह्यो पुकार।
हे हरि इस निज दासको, लीजै शीघ्र उबार॥

यह शरणागत नामको अष्टक—कष्ट निवार।
'तुलसी' जो याको पढ़े, उपजै शांति अपार॥

प्रेम-पदावली

श्री रघुवीरकी यह बानि।
नीच हूँ सो करत नेह सुप्रीति मन अनुमानि।
परम अधम निषाद पाँवर कौन ताकी कानि?
लिये सो उर लाइ सुत ज्यों प्रेम को पहिचानि।

प्रे०

गीध कौन दयालु जो विधि रच्यो हिंसा सानि ?
जनक ज्यों रघुनाथ ता कहँ दिया जल निज पानि।
प्रकृति मलिन कुजाति सवरी सकल अवगुन खानि।
खात ताके दिये फल अति रुचि बखानि बखानि ॥

रजनीचर अरु रिपु विभीषन सरन आयो जानि।
भरत ज्यो उठि ताहि भेटत देह दसा भुलानि ॥
कौन सुभग सुशील बानर जिनहिं सुमिरत हानि ॥
किये ते सब सखा पूजे भवन अपने आनि ॥

प०

१४०

राम सहज कृपालु कोमल दीन हित दिन दानि ।
भजहिं ऐसे प्रभुहिं तुलसी कुटिल कपट न ढानि ॥

भज मन रामचरण सुखदाई ।

जिहिं चरणन से निकसि सुरसरि शंकर जटा समाई ।
जटा शंकरी नाम पर्यो है त्रिभुवन तारन आई ॥
जिहिं चरणनकी चरण पादुका भरत रह्यो लवलाई ।
सोई चरण केवट धोय लीने तब हरि नाव चलाई ॥

प्रे० सोई चरण सन्तन जन सेवत ःसदा रहत सुखदाई। प०
सोई चरण गौतम ऋषिनारी परशि परमपद पाई। १४२
दण्डकवन।ःप्रभु पावन किन्हों ऋषियन त्रास मिटाई।
सोई।ःप्रभु त्रिलोकके स्वामी कनक मृगा संग धाई

कपि सुग्रीव बंधु भय व्याकुल तिनजय छत्र फिराई।
रिपुको।ःअनुज विभीषण निशिचर परशत लङ्का पाई॥
ःशिव सनकादिक अरुब्रह्मादिक शेष सहस मुख गाई।
तुलसीदास मारुत सुतकी प्रभु निज मुख करत बड़ाई।

प्रे०

सुनेरी मैंने निर्बलके बल राम।

पिछली साख भरूँ सन्तनकी अड़े सँवारे काम॥

प०
१४३

जब लग गज बल अपनो बरत्यो नेक सरे नहिं काम।
निर्बल होय बलराम पुकार्‌यो आयो आधे नाम॥

द्रुपद सुता निर्बल भइ तादिन गह लायो निज धाम।
दुःशासन की भुजा थकित भई बसनरूप भये श्याम॥

अपबल तपबल और बाहुबल चौथा बल है दाम।
सूर किशोर कृपाते सब बल हारेको हरि नाम॥

प्रे०

जाऊँ कहाँ तजि चरण तिहारे।

काको नाम पतित पावन जग केहि अति दीन पियारे ॥

प०

कौन देव बरियाय विरद हित हठि हठि अधम उधारे।

१४४

खग मृग, व्याध-पषान, विटप जड़ जवन कवन सुर तारे ॥

देव-दनुज मुनि नाग मनुज सब माया विवस विचारे।

तिनके हाथ दास तुलसी प्रभु कहा अपन पौ हारे ॥

मैं नित भक्तन हाथ बिकाऊँ।

आठों याम हृदयमें राखौं, पलक नहीं बिसराऊँ ॥

प्रे०

कल न परत वैकुण्ठ बसत मोहिं, योगिन मनन समाऊँ।
जहँ मम भक्त प्रेम-युत गावहिं तहाँ बसत सुख पाऊँ॥

भक्तन की जैसी रुचि देखौं, तैसोहि वेष बनाऊँ।
टारों अपने बचन भक्त लगि तिनके बचन निभाऊँ॥

ऊँच नीच सब काज भक्तके, निज कर सकल बनाऊँ।
पद धोऊँ रथ हाँकौ, मांजो बासन छानि छवाऊँ॥

माँगौं नाहिं दाम कछु तिनते, नहिं कछु तिन सताऊँ।
प्रेम सहित जलपत्र पुष्प फल, जो देवें सो खाऊँ॥

निज सर्वस्व भक्तको सौंपो, अपनो स्वत्तव भुलाऊँ॥

भक्त कहैं सो करौं निरन्तर, बेचें तो बिक जाऊँ॥

श्री हरिःशरणम्

श्रीरामजी के प्रगट होने के समय की बधाई

चैत्र शुक्ल ९

कुंवर अवधेश प्यारे की सदा जय हो सदा जय हो ।।टेक।।
तरिणि कुल के दुलारे की सदा जय हो सदा जय हो ।।१।।

मास मधुपक्ष उजियारे नौमि मध्याह्न अंगारे ।
प्रगट भये कौशल्या वारे सदा जय हो सदा जय हो ।।२।।

साधु सुर नाग नर गाजैं अनेको बाजने बाजै।
सबहिं मंगल कलश साजैं सदा जय हो सदा जय हो ॥३॥

देव बनि कौतकि आये अनेकों खेल दिखराये।
निछावरि पाय सब गावें सदा जय हो सदा जय हो ॥४॥

जो भी इस समय आते पदारथ चारिहूँ पाते।
कुमार है मगन गाते सदा जय हो सदा जय हो ॥५॥

श्री रामनारायणजी की आरती

आरती श्री रामायण जीकी,
कीरति कलित ललित सिय पी की ।।
गावत ब्रह्मादिक मुनि नारद ।
बालमीक विज्ञान विशारद ।
सुक सनकादि शेष अरु शारद,
बरनि पवन सुत कीरति नीकी ।। १ ।।

गावत वेद पुरान अष्टदश,
छओ शास्त्र सब ग्रन्थनको रस।
मुनि जन धन सन्तनको सरबस,
सार अंस संमत सब ही की॥ २॥

गावत सन्तत सम्भु भवानी,
अरु घट सम्भव मुनि विज्ञानी।
ब्यास आदि कवि बर्ज बखानी,
कागभुसुण्डी गरुड़ के ही की॥ ३॥

रा०

कलिमल हरनि विषय रस फीकी,
सुभग सिंगार मुक्ति जुवती की।
दलन रोग भवमूरि अमी की,
तात मात सब बिधि तुलसी की ॥४॥

कमलापत्यष्टकम्

भुजङ्गतल्पगलं घनसुन्दरम्,
गरुड़वाहनमम्बुज लोचनम् ।
नलिनचक्रगदाकरमव्ययम्,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥ १ ॥

अलिकुलासितकोमल कुन्तलम्,
विमल पीतदुकूलमनोहरम्।
जलधिजाश्रितवामकलेवरम्,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥२॥

किमु जपैश्च तपोभिरुताध्वरैरपि
किमुत्तम तीर्थ निषेवणैः।
किमुत्त शास्त्र कदम्ब विलौकनैर
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥ ३ ॥

मनुज देहमिमं भुवि दुर्लभम्,
समधिगम्य सुररपि वाञ्छितम् ।
विषयलम्पटतामपहाय वै,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥४॥

न वनिता न सुतो न सहोदरो,
नहिं पिता जननी नच बान्धवः ।
व्रजति साकमनेन जनेन वै,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥५॥

सकलमेव चलं सचराचरं
जगदिदं सुतरां धन यौवनम् ।
समवलोक्य विवेकदृशा द्रुतम्,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥६॥

विविधरोग युतं क्षण भंगुरम्,
परवशं नवमार्गमलाकुलम् ।
परीनिरीक्ष्य शरीरमिदं स्वकम्,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥७॥

मुनि वरैरनिशं हृदि भावितम्,
शिवविरिंचि महेन्द्रनुतं सदा ।
मरण जन्म जरा भय मोचनम्,
भजत रे मनुजाः कमलापतिम् ॥८॥

हरिपदाष्टकमेतदनुत्तमम्,
परमहंस जनेन समीरितम् ।
पठित यस्तु समाहित चेतसा,
व्रजति विष्णुपदं स नरो ध्रुवम् ॥९॥

श्री हनुमानजी के जन्मोत्सव

कार्तिक कृष्ण १४

स्तुति

बजरङ्ग बली मेरी नाव चली जराबल्हि कृपाकी लगा देना।
मुझे रोगने शोकने घेर लिया मेरे तापको नाथ मिटा देना।
मैं तो जन्म से आपका दास हूँ सेवक और बालक धर्मसे हूं।
बेशर्म विमुख निज कर्मसे हूँ चित्तसे मेरा दोष भुला देना।
दुर्बल हूँ दीनहूँ गरीबहूँ मैं निज कर्म क्रिया गत क्षीण हूँ मैं।

बलवीर तेरे आधीन हूँ मैं मेरी बिगड़ी हुई को बना देना।
बलदेके मुझे निर्भय कर दो यश शक्ति मेरी अक्षय कर दो।
सुखमय मेरा जीवन कर दो संजीवन लाय पिला देना।
करुणानिधि आपका नाम भी है शरणागत यह एकदास भी है।
इसके अतिरिक्त एक काम भी है सियारामसे मोहि मिला देना।

॥ श्री ॥

अथ हनुमान चालीसा

दोहा—श्री गुरुचरण सरोजरज निजमन मुकुर सुधार ।
वरणों रघुवर विमल यश, जो दायक फलचार ॥
बुद्धिहीन तनु जानिकै, सुमिरौं पवन कुमार ।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं हरहु कलेश विकार ॥

ह०

चौपाई

जय हनुमान ज्ञान गुणसागर ।
जय कपीश तिहुंलोक उजागर ॥
रामदूत अतुलित बलधामा ।
अंजनिपुत्र पवनसुत नामा ॥
महावीर विक्रम बजरङ्गी ।
कुमति निवार सुमतिकर सङ्गी ॥
कंचन वर्ण विराज सुवेसा ।
कानन कुण्डल कुञ्चित केशा ॥

चा०

१६०

हाथ वज्र अरु ध्वजा विराजै।
कांधे मूंज जनेऊ छाजे॥
शंकर सुवन केशरीनन्दन।
तेज प्रताप महा जगवन्दन॥

विद्यावान गुणी अतिचातुर।
रामकाज़ करिबेको आतुर॥
प्रभु चरित्र सुनिबेको रसिया।
रामलषन सीता मन बसिया॥

ह०

सूक्ष्म रूप धरि सियहिं दिखावा ।
विकट रूप धरि लंक जरावा ॥
भीम रूप धरि असुर संहारे ।
रामचन्द्रके काज सँवारे ॥

लाय संजीवन लषण जियाये ।
श्री रघुवीर हर्षि उर लाये ॥
रघुपति कीनी बहुत बड़ाई ।
तुमप्रिय भरतसरिस मम भाई ॥

चा०
१६२

सहसबदन तुम्हरो यश गायो ।
असकहि श्रीपति कण्ठ लगायो ॥
सनकादि ब्रह्मादि मुनीशा ।
नारद शारद सहस अहीशा ॥

यम कुबेर दिगपाल जहांते ।
कवि कोविद कहि सकै कहांते ॥
तुम उपकार सुग्रीवहि कीन्हां ।
राम मिलाय राजपद दीन्हां ॥

दो० १८   चा० १६४

तुम्हरे मन्त्र विभीषण माना।
लंकेश्वर भयो सब जग जाना॥
युग सहस्र योजन जन भानू।
लीला ताहि मधुरफल जानू॥

प्रभु मुद्रिका मेल मुख माहीं।
जलधि लांघि गये अचरज नाहीं॥
दुर्गम काज जगतके जेते।
सुगम अनुग्रह तुम्हर तेते॥

राम दुआरे तुम रखवारे।
होत न आज्ञा बिन पैसारे॥
सब सुख लहै तुम्हारी शरना।
तुम रक्षक काहूको डरना॥

आपना तेज सम्हारो आपै।
तीनों लोक हांकते काँपै॥
भूत पिचाश निकट नहिं आवै
महावीर जब नाम सुनावै॥

नाशै रोग हरै सब पीरा।
जपत निरन्तर हनुमत बीरा॥
संकटसे हनुमान छुड़ावै।
मनक्रम वचन ध्यान जो लावै॥

सब पर राम तपस्वी राजा।
तिनके काज सकल तुम साजा॥
और मनोरथ जो कोई लावै।
तासु अमित जीवन फल पावै॥

ह०

चारों युग परताप तुम्हारा।
है परसिद्ध जगत उजियारा॥
साधु सन्तके तुम रखवारे।
असुर निकन्दन राम दुलारे॥

अष्टसिद्धि नवनिधिके दाता।
असवर दीन्ह जानकी माता॥
राम रसायन तुम्हरे पासा।
सादर तुम रघुपतिके दासा॥

चा०

तुम्हरे भजन रामको पावै।
जन्म जन्मके दुख बिसरावै॥
अन्तकाल रघुवरपुर जाई।
जहाँ जन्म हरि भक्त कहाई॥

और देवता चित्त न धरई।
हनुमत सेई सर्व सुख करई॥
संकट हरै मिटै सब पीरा।
जो सुमिरै हनुमत बल बीरा॥

जै जै जै हनुमान गुसाईं।
कृपा करो गुरुदेव की नाईं॥
यह शतवार पाठ कर जोई।
छूटै बंदि महा सुख होई॥

जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा।
होइ सिद्धि साखी गौरीशा॥
तुलसीदास सदा हरिचेरा।
कीजै दास हृदय मँह डेरा॥

स०

दोहा—पवन तनय संकट हरण, मंगल मूरति रूप
राम लषण सीता सहित, हृदय बसो सुर भूप ॥

॥ इति हनुमानचालीसा सम्पूर्ण ॥

* श्री हनुमतये नमः *

अथ संकट मोचन हनुमानाष्टक

* मत्तगयन्द छन्द *

बाल समय रवि लीलि लियो तब तीनहुं लोक भयो अँधियारो। ताहिसो त्रास भई जगको यह सङ्कट

स०

काहुसो जात न टारो ॥ देवन आई करी बिनती तब छाँड़ि दियो रवि कष्ट निवारो । को नहिं जानत है जगमें कपि सङ्कट मोचन नाम तिहारो ॥ १ ॥ बालिकी त्रास कपीस बसै गिरि जात महा प्रभु पंथ निहारो । चौंकि महामुनि श्राप दियो तब चाहिय कौन उपाय विचारो ॥ कैद्विजरूप ले आय महाप्रभु सो तुम तासुको संकट टारो । को ० ॥ २ ॥ अंगदके सङ्ग कीस अनेक गये सिय खोज कपीस उचारो । जीवत ना बचिहौं हमसों

मो०
१७१

जो विना सुधि लै इति को पगु धारो। हारि थके तट सिंधु सबै तब लय सियकी सुधि प्राण उबारो॥ को नहिं ०॥ ३॥ रावण त्रास दई सियको तब रक्षक ह्वैकर शोक निवारो। ताहि समय हनुमान महाप्रभु जाय महा रजनिचरमारो॥ माँगत सीय अशोकसो आगि सुदै प्रभु मुद्रिका शोक निवारो॥ को नहिं०॥ ४॥ बाण लग्यो उर लक्ष्मण के तब प्राण तज्यो सुतरावण मारो। लै गुह वैद्य सुखेन समेत तभी गिरि द्रोण सुबीर उपारो॥ लाय

स०

सजीवन हाथ दई तब लक्ष्मणके तुम प्राण उबारो
॥ को० ॥ ५ ॥ रावणयुद्ध अजान कियो तब नागकी
फाँस सबै सिर डारो। श्री रघुनाथ समेत सबै दल
मोह भयो अति संकट भारो। आनिखगेश तबै हनुमान
सो बन्धन काटिके कष्ट निवारो ॥ को० ॥ ६ ॥ बंधु
समेत जबै अहिरावण लै रघुनाथ पताल सिधारो।
देविहिं पूजि भली विधि सों बलि देहु सबै मिलि मन्त्र
विचारो ॥ जाय सहाय भये तबहीं अहिरावण सैन्य समेत

संहारो ॥ को० ॥ ७ ॥ काज किये बड़ देवनके तुम वीर महाप्रभु देख विचारो । कौन सो संकट मोहिं गरीब को जो तुमसो नहिं जात है टारो । बेगि हरो हनुमान महा प्रभु जो कछु सङ्कट होय हमारो ॥ को० ॥ ८ ॥

श्री रामनाम महात्म्य

द्वै बेर जाय द्वारिका त्रिवेणी जाय तीन बेर चार बेर काशी अंग गङ्गके अन्हायते। पांच बेर जमुना छै बेर जाय नीमसार सात बेर पुरस्करजी आचमन करायते। रामनाथ ज़गन्नाथ बद्री केदारनाथ दसों सुमेर सौ बेर पग धोयेते।
जेतो फल होइ कोटि तीर्थ स्नान करे तेतो फल होइ एक राम नाम गायेते ॥१॥

श्री रामचरित मानस महिमा

वालकाण्ड प्रभु पांय अयोध्या कटि मन मोहे।
उदर बनेउ आरण्य हृदय किषकिन्धा सोहे॥
लंक सुन्दर ग्रिवा बिन्द लङ्का कहि गायउ।
जेहि में रावण आदि निशाचर सर्व समायेउ॥
यहि बिधि तुलसीदास मन आहि अन्त लौं देखिये॥

श्रीमन्मानस राम तन ॥२॥

* श्री रामजी *

कृष्ण गोपाल गोपाल गाते चलो।
मनको विषयोंके विषसे बचाते चलो॥

देखना इन्द्रियों के न घोड़े भगें।
रात दिन इनको संयम के कोड़े लगें॥

अपने रथ को सुमार्ग चलाते चलो।
काम करते रहो नाम जपते चलो॥

पाप की वासनाओंसे बचते रहो।
नाम धन का खजाना बढ़ाते चलो॥
प्राण जाये मगर नाम भूलो नहीं।
दुःखमें तड़फो नहीं सुखमें फूलो नहीं॥
प्रेम भक्तिके आंसु बहाते चलो।
याद आयेगा प्रभु को कभी न कभी॥
तुम पायेगा दर्शन कभी न कभी॥
दास विश्वास मन में जमाते चलो॥

---

* श्रीगुरु चरण कमलेभ्यो नमः * श्रीसीतारामाभ्यां नमः *

श्रीगुरुवर आरती

अज्ञान तिमिरान्धस्य, ज्ञानाञ्जन सलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येनः तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

नीलाम्बुज श्यामल कोमलांगं सीतासमारोपित वामभागम् ।
पाणौ महाशायक चारुचापं नमामि रामं रघुवंश नाथम् ॥

दुर्वादलं द्युति तनुं करुणाब्जनेत्रं

हेमाम्बरं वरविभूषण भूषिताङ्गम् ।

कन्दर्पकोटि कमनीय किशोर मूर्तिं

पूर्तिं मनोरथभवाम्भजि जानकीशम् ॥

मंगल आरती गुरुजी चरण की। गुरुजी चरण सीतारामजी चरण की ॥ मंगल आरती गुरुजी चरण की ॥१॥ धूप दीप नैवेद्य आरती, चन्दन पुष्प सों पूजा करण की ॥ मंगल आरती० ॥२॥ गुरुजीके चरणोंमें चिह्न

विराजे, जगमग जगमग ज्योति नखन की ॥ मंगल आरती० ॥३॥ चार आरती चित्तमें धारै, नौका भवनिधि पार करण की ॥ मंगल आरती० ॥४॥ कटि केहरि कोपीन विराजे युगल आरती जन सुघरन की । जन सुघरण रामा विषय हरण की । मंगल आरती० ॥५॥ मुख-मयंक की एक आरती, शोभा अमित अरुण अधरन की अरुण अधरन की बचन मधुरन की ॥ मंगल आरती० ॥६॥ सर्व अंग की सात आरती, हिय के दिव्य नयन उधरन की । नयन

उधरन रामा मंत्र श्रवण की। मंगल आरती० ॥७॥
तुलसी तिलक भाल छवि उपमा, प्रातकाल के सूर्य किरण की। सूर्य किरण हृदै कमल खिलन की। मंगल आरती० ॥८॥ सरयू जलको अर्घ दीजै, बार बार गुरुजी चरण परन की। मंगल आरती० ॥९॥ गुरुजी की सात परिक्रमा कीजै, दुख नाशै चौरासी भ्रमण की। मंगल आरती० ॥१०॥ गुरुजी के चरण चरणामृत लीजै डर छूटै जग जरा मरण की। मंगल आरती० ॥११॥ जो जन

गुरुजी की आरती गावें, मात पिता कुल तरणकी। मंगल आरती० ॥१२॥ जो जन गुरुजी की रामजी की आरती गावें, श्रीरामचन्द्रजी के दर्शन पायें। दर्शन पायें रामा सुमन बरसायें। आरती० ॥१३॥

जे गुरुपद अम्बुज अनुरागी। ते लोकहुं वेदहुं बड़भागी।

जे गुरु चरण रेणुशिर धरहीं,

ते जनु सकल विभव वस करहीं० ॥

* श्री गुरुवर आरती की जय जय सीताराम *

श्री जानकीजी की बधाई

वैशाख सुदी ६

हुई मिथिलेशके लाली बधाई है बधाई है।
नींव गढ़ लङ्क की हाली बधाई है बधाई है॥
गुणी गंधर्व गन आये ललीकै शुभ चरित गाये।
हुये सब ही के मन भाये बधाई है बधाई है॥
सकल सुर लोक की नारी नचै हों मन मगन भारी।
परस्पर देत शुभ गारी बधाई है बधाई है॥

बजाते देव गन बाजै मुनिन मिलि आरती साजैं।
लुटते द्रव्य महाराजा बधाई है बधाई है॥
हर्ष सब लोक में धाया खलों में शोक घन छाया।
भया सुर मुनि का मन भाया बधाई है बधाई है॥
सुयश सुर नाग मुनि गाते दान मन भावते पाते।
"कुमारहुँ" गाय हर्षाते बधाई है बधाई है॥

श्री सीताजीके प्रकट होने की समयकी स्तुति

वैशाख शुक्ल ६

भई प्रकट कुमारी भूमिविदारी जन हितकारी भयहारी,
अतुलित छवि भारी मुनिमन हारी जनक दुलारी सुकमारी।
सुन्दर सिंघासन तेहि पर आसन कोटि हुताशन द्युतिभारी,
सिर छत्र विराजैं सखीगन भ्राजैं निज निज काजैं करधारी।

सिर सिद्ध सुजाना हनैं निशाना चढ़ै विमाना समुदाई,
बर्षैं बहु फूला मंगल मूला अनुकूला सिय गुन गाई।
देखैं सब ठाढ़े लोचन गाढ़ै सुख बाढ़ै उर अधिकाई,
स्तुति मन करहिं पायन परहिं आनन्द भरहिं हर्षाई।

ऋषि नारद आये नाम सुनाये सुनि सुख पाये नृप रानी,
सीता असनामा पूरन कामा सब सुख धामा गुन खानी।
सिय सन मुनि राई विनय सुनाई समय सुहाई मृदु बानी,
नलिनि तनु लीजै चरित सो कीजै यह सुख दीजै नृपरानी।

सुनि मुनिवर बाणी सिय मुसकानी लीला ठानी सुखदाई,
सोवत जनु जागी रोवन लागी नृप बड़भागी उरलाई। १८८
दंपति अनुराग्यो प्रेम सो पाग्यो जेहि सुख लाग्यो मन लाई,
स्तुति सिय केरी प्रेम लतेरी वर्णिसुचेरि शिरनाई।
निज इच्छा मखभूमिते, प्रकट भइ सिय आय।
चरित किये पावन परम वरधन मोद निकाय॥

भजन

हमें निज धर्म पर चलना, बताती रोज रामायण।
सदा शुभ आचरण करना, सिखाती रोज रामायण।।
जिन्हें संसार सागर से उतर कर पार जाना है।
उन्हें सुख से किनारे पर लगाती रोज रामायण।।
कहीं छवि विष्णु की बांकी, कहीं शङ्कर की है झांकी।
हृदय आनन्द झूले पर, झुलाती रोज रामायण।।

सरल कविता की कुञ्जों में, बना मन्दिर है हिन्दी का।
जहां प्रभुप्रेम का दर्शन कराती रोज रामायण ।।
कभी वेदों के सागर में, कभी गीता की गंगा में।
कभी रस 'बिन्दु' .. मनको डुबाती रोज रामायण ।।

प्रार्थना

रे मन प्रति स्वांस पुकार यही, जय राम हरे घनश्याम हरे ।
तन नौका की पतवार यही, जय राम हरे घनश्याम हरे ॥
जग में व्यापक आधार यही, जग में लेता अवतार यही ।
है निराकार साकार यही, जय राम हरे घनश्याम हरे ॥
ध्रुव को ध्रुवपद दातार यही, प्रह्लाद गले का हार यही ।
नारद वीणा का तार यही, जय राम हरे घनश्याम हरे ॥

सब सुकृतों का आगार यही, गङ्गा यमुना की धार यही।
श्री रामेश्वर हरिद्वार यही, जय राम हरे घनश्याम हरे॥
सज्जन का साहूकार यही, प्रेमी जन का व्यापार यही।
सुख 'बिन्दु' सुधा का सार यही, जय राम हरे घनश्याम हरे॥

१६२